24- MARCH- RAG Bhoomi- p-1_Layout 1 3/24/2024 7:43 PM Page 1

हरिभूमि
# रंग भूमि
बिलासपुर, सोमवार 25 मार्च 2024

## खबर संक्षेप

### स्कूल में प्री होली उत्सव में बच्चों ने खेली होली

**सारंगढ़।** रंगों का यह त्योहार खुशियां और उल्लास लेकर आता है। इस दिन सिर्फ रंग नहीं खेला जाता बल्कि गिले शिकवे भूलकर दुश्मन भी एक साथ मिलकर इस रंगों के त्यौहार को मानते है। इसी अवसर पर हर साल की तरह इस साल भी हमारे मोना स्कूल कटेली में प्री होली सेलिब्रेशन मनाया गया। जिसमें सभी विधार्थियो के द्वारा स्कूल के संचालक, प्राचार्य एवं समस्त शिक्षको को गुलाल लगाकर आशीर्वाद प्राप्त कर प्री होली सेलिब्रेशन का शुभारम्भ किया गया। साथ ही सभी शिक्षको ने सभी विधार्थियो को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दिए। इस होली कार्यक्रम में सभी बच्चो में बहुत उत्साह देखा गया। साथ ही सभी बच्चो ने बहुत ही बढ़िया होली पर्व मनाए।

### लक्ष्मीनाराण यज्ञ में शामिल हुई विधायक

**रायगढ।** सारंगढ़ शहर से 5 किलो मीटर दूर रायगढ़ रोड में स्थित ग्राम पंचायत रेड़ा में सदियों से चली आ रही परंपराओं का निर्वहन करते हुए ग्रामीणों के द्वारा आयोजित लक्ष्मीनारायण महायज्ञ व मेला में आज विधायक श्रीमती उत्तरी जांगड़े, जिला कांग्रेस अध्यक्ष अरुण मालाकार विधायक प्रतिनिधि गनपत जांगड़े, जनपद सदस्य प्रतिनिधि शंकर चौहान, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष राजकमल अग्रवाल, जितेंद्र पुराइन व साथी गण शामिल होकर लक्ष्मीनारायण मंदिर में पूजा अर्चना कर समस्त ग्राम व क्षेत्र वासियों के लिए मंगल कामना कर आशीर्वाद लिए। विधायक मेला समिति के संरक्षण से चर्चा करते हुए यह बात कहीं कि कोई भी सहयोग की आवश्यकता हुई तो आप फोन कर देंगे व्यवस्था कर दी जाएगी।

### कागजात के बाद भी थाने में बात की मजबूरी

**पुसौर।** पुसौर तहसील क्षेत्र में आ रहे वाहनों को 5 थाना क्षेत्र के लोगों से सामना होता है जिनका सभी कागजात होने और किसी भी प्रकार के अप्रिय वारदात कारित न करने के बाद भी संबंधित टीआई से बात करनी पडती है। इस तरह का मामला बडेभंडार, सुरजगढ, बिंजकोट, रेंगालपाली सहित अन्य क्षेत्र से सामने आया है जिसमें खास कर भारी वाहन चालकों का कहना है कि सभी प्रकार के कागजात होने के बाद भी थाना से बात करनी पडती है और कभी कभी हमें तलब भी किया जाता है इस तथ्य पर बताया जाता है कि चुनाव के मद्देनजर जांच को प्राथमिकता से किया जा रहा है। इसमें कुछ लोगों का मानना है कि इसे जबरन किया जा रहा है।

### आधा दर्जन बच्चों का नवोदय में चयन

**रायगढ़।** जिले के घरघोड़ा विकासखंड के प्राथमिक शाला चारमार में पदस्थ शिक्षक टिकेश्वर पटेल जो अपने अध्यापन कार्य बहुत अच्छे तरीके से करवाने के अलावा अन्य सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका होने के साथ गांव एवं क्षेत्र के गरीब होनहार बच्चों को शाला समय के अतिरिक्त प्राथमिक स्तर के बच्चों की नीव को मजबूत करने में कोई कसर नहीं छोड़ते।
उल्लेखनीय है कि रायगढ़ जिले के इस सरकारी स्कूल से पिछले वर्ष 6 छात्र छात्राओं का नवोदय विद्यालय भूपदेवपुर के लिए चयन हुआ है एवं एक छात्र छात्र 1 छात्रों का सैनिक स्कूल अंबिकापुर में अध्ययनरत है जिससे पिछले 12 वर्षों में इनके पढ़ाए 83 छात्र छात्राओं का नवोदय में चयन 7 छात्र छात्राओं का पिछले वर्ष सैनिक स्कूल में चयन हो गया है। जिससे यह स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे को शिक्षा के साथ संस्कार एवं खेल पर विशेष ध्यान दिया जाता है। इस विद्यालय में हर महीने की अंतिम शनिवार को मासिक टेस्ट लिया जाता है। जिससे उनके काम की प्रगति की समीक्षा हो जाती है। प्राइवेट विद्यालय की तर्ज पर दीपावली एवं शीतकालीन अवकाश में अतिरिक्त क्लास लगाई जाती है।

## शुभ मुहूर्त में हुआ होलिका दहन, लगे जयकारे

# होली आज, उड़ेगा 5 टन अबीर गुलाल, होगी रंगों की बारिश





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

उल्लास, उमंग और रंगों का महापर्व होली का खुमार पूरे जिले में छाया हुआ है। रविवार देर रात शुभ मूहूर्त में होलिका दहन के बाद से ही शहर में रंग और गुलाल उडने लगे हैं। तिथि भेद के कारण रंगोत्सव का पर्व 25 व 26 मार्च को दो दिन मनाया जाएगा किंतु रायगढ मे होली सोमवार को खेली जाएगी।

कड़ी सुरक्षा और आचार संहिता के बावजूद जिले में होली मनाने को लेकर जबरदस्त उत्साह का माहौल है। घरों से पकवान की खुशबू उठने लगी है। हर तरफ होली की खुमारी साफ झलक रही है। इस बार होली पर करीब 5 टन गुलाल उडाये जाने का अनुमान है। होली पर्व को देखते हुए नगर निगम ने जलापूर्ती और सफाई के लिए खास प्रबंध किये हैं।

### सुरक्षा व्यवस्था में 250 जवान तैनात

होली पर्व को लेकर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर करीब 250 पुलिस तथा सीएएफ जवानों की तैनाती की गई है। चूंकि इस बार लोक सभा चुनाव को लेकर धारा 144 लागू है, ऐसे में इस बार सख्ती थोड़ी ज्यादा होगी। हालांकि हुड़दंग मचाने वालों भी सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों इलाकों में भी गस्त टीम तैनात की गई है जो लगातार संबंधित क्षेत्र में गस्त करेंगी।

सौहार्द, उल्लास और उमंग का पर्व होली आज मनाई जाएगी। होली के रंग ये सराबोर होने के लिए शहरवासियों ने पूरी तैयारी कर ली है। जगह जगह डीजे और हाई ण टी के साथ होली मिलन का आयोजन किया जा रहा है। होली की तैयारी को लेकर शनिवार को भी अबीर गुलाल एमुखौटे और पिचकारी की दुकानों पर भीड़ लगी रही। तो इसके साथ ही होटलों से घरों तक मिष्ठान्न और पकवानो की महक उठ रही है। रविवार देर रात शुभ मूहूर्त में रात्रि 10रू30 बजे के बाद होलिका दहन किया गया। इससे पहले 25 मार्च को सुबह से ही शहर में होलिका पूजन की कतार लगी नजर आई। लोगों ने होलिका पूजन कर अपने घर परिवार के सुख समृद्धि की प्रार्थना की। शहर में इस बार करीब 100 स्थानों पर होलिका दहन की तैयारी की गई थी और होलिका बनाने में गौ काष्ठ का भी प्रयोग किया गया था। दहन के पहले भजन कीर्ति भी किया गया। होलिका दहन के बाद से ही शहर में रंगो की बारिश शुरु हो गई। नगर निगम आयुक्त सुनील चंद्रवंशी ने बताया कि होली पर सोमवार को शहर में तीन समय पर पानी की सप्लाई की जाएगी। साथ ही सफाई के लिए स्वच्छता दल भी शहर के वार्डों एवं बाजारों में डेटा रहेगा। पुलिस की टीम भी नशे के अवैध खरीद बिक्रीए वाहनों की ओवरस्पीड ए तथा हुडदंग को लेकर तीन दिन पहले से पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। निगम आयुक्त समेत जिला और पुलिस प्रशासन ने सुरक्षित तथा पर्यावरण हितैषी होली मनाने एवं पानी बचाने की अपील दोहराते हुए अपनी ओर से रंगोत्सव की शुभकामनाएं भी दी हैं।

# लाखों की चोरी के मामले में उद्योग और ठेका कंपनी आमने - सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

भूपदेवपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जेएसडब्ल्यू में हुई लाखो की तुलर चोरी के मामले में नया मोड़ आ गया है। आरव ठेका कम्पनी ने चोरी में प्रयुक्त किए गए स्कोर्पियो और आरोपियों को पहचानने से इनकार कर दिया है। इसके साथ ही जेएसडब्ल्यू प्रबंधन और सिक्योरिटी के खिलाफ कंट्रक्शन कम्पनी को बदनाम करने और जानबूझकर उसकी छवि धूमिल करने का सनसनीखेज आरोप लगाया है। बकायदा ठेका कम्पनी ने प्रेस रिलीज जारी किया है।जबकि ठीक इसके विपरीत सिक्योरिटी ने आरव के कर्मचारियों को ही चोर ठहराते हुए बकायदा कम्पनी और कर्मचारियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस से त्वरित कार्रवाई की बात कही है। इन सबके बीच भूपदेवपुर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ फौरी एक्शन लेते हुए जांच के बाद पूरे मामले का खुलासा करने का दावा किया है।

■ दोनों एक दूसरे पर मढ रहे आरोप , जांच जारी

बता दे नहरपाली स्थित जेएसडब्ल्यू कम्पनी में शनिवार की रात लाखो रुपये कीमती तुलर की चोरी कर उसे स्कोर्पियो से ऐसी जगह पर प्लांट किया जा रहा था,जंहा से उसे सिक्योरिटी की नजरों से बचाकर प्लांट से बाहर निकाला जा सके। हालांकि पहले से ही ऐसी चोरियों को रोकने चौकस सिक्योरिटी टीम के सर्तकता के चलते चोर अपने मंसूबो पर कामयाब नही हो पाए। सिक्योरिटी द्वारा पुलिस को किए गए अपने रिपोर्ट में तीनो आरोपियों को आरव कंट्रक्शन का मुलाजिम बताते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग पुलिस से की है।



### ठेका कंपनी का मीडिया में बयान

आरव कंट्रक्शन कम्पनी ने प्रेस रिलीज जारी कर अपना पक्ष रखा है।। कम्पनी के साइट इंचार्ज जावेद हुसैन ने कहा है कि सिक्योरिटी की इजाजत के बगैर कोई वाहन कम्पनी के भीतर नही जा सकता। हमारे पास कोई वाहन नही है। फिर स्कोर्पियो हमारी कैसे हुई। हमारा काम सिर्फ मैन पॉवर का। जेएसडब्ल्यू के कर्मचारी प्रबंधन जैसा आदेश करते है वैसा ही कार्य हमारे द्वारा किया जाता है। कंट्रक्शन कम्पनी के खिलाफ लगाए गए आरोपी पूरी तरह से बेबुनियाद है।। इस पूरे षड़यंत्र में सिक्योरिटी और प्रबंधन की मिलीभगत है।

### जल्द होगा पर्दाफाश

जेएसडब्ल्यू द्वारा आरव कम्पनी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा रही है।। पुलिस टीम जांच कर रही है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर पूरे गैंग का पर्दाफाश किया जाएगा।

-रामकिंकर यादव
टीआई, भूपदेवपुर थाना

### पत्नी की मौत के बाद पति ने लगाई फांसी

**रायगढ़।** पत्नी की मृत्यु के शोक में हफ्तेभर से डूबे पति ने जामुन पेड़ में फांसी लगाते हुए दुनिया को अलविदा कह दिया। यह दुखद प्रसंग घरघोड़ा थाना क्षेत्र का है। मामले की विवेचना कर रहे सहायक उपनिरीक्षक राजेश मिश्रा ने बताया कि घरघोड़ा से तकरीबन 18 किलोमीटर दूर ग्राम कुडुमकेला में शनिवार सुबह उस समय सनसनी फैल गईए जब गांव के कुछ लोग समीप के पहाड़ तरफ गए तो वहां जामुन पेड़ में बंधे रस्सी के फंदे में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की लटकती लाश दिखाई दी। लोगों ने करीब जाकर देखा तो मृतक की शिनाख्त कुडुमकेला निवासी रथ सिंह माझी आत्मज मदन माझी 46 वर्ष के रूप में हुई। चूंकि शव में कीड़े चढ़ने लगे थे इसलिए घटना की सूचना ग्रामीणों ने थाने में दी। पुलिस ने घटना स्थल का जायजा लेते हुए लाश को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा है। वर्दीधारियों ने छानबीन की तो पता चला कि रथ सिंह की बीवी का हफ्ते भर पहले ही मौत हुई है।

## व्यापारी की हत्या मामले में परिजन ने की न्यायिक जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सारंगढ़ के बहुचर्चित अभिषेक केशरवानी हत्याकांड में सिर्फ एक ही आरोपी के द्वारा घटना को अंजाम दिए जाने की पुलिस की कहानी पर मृतक के परिजनो का विश्वास नही हो रहा है। आज मृतक की पत्नी श्रीमती प्रतिमा केशरवानी ने पूरे मामले में सूक्ष्म जांच की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाई।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने 15 मार्च को अभिषेक केशरवानी को चाकू मारकर हत्या करने के मामले में कल खुलासा करते हुए निखिल बरेठ को पूरे मामले मे आरोपी बताया तथा बैंगलोर से उसकी गिरफ़्तारी की जानकारी दिया। इस मामले को लेकर मृतक के परिजन असंतुष्ट दिखे तथा पुलिस की विवेचना पर सवाल खड़े करते हुए कई बिन्दु पर जांच की मांग करते हुए पुलिस अधीक्षक सारंगढ़ बिलाईगढ़ को छग ज्ञापन नाम पर एडएसपी कमलेश्वर चंदेल को सौपा। दिए गए ज्ञापन मे मृतक की पत्नी श्रीमती प्रतिमा केशरवानी ने लिखा है कि एक व्यक्ति के द्वारा हत्या करने की बात में शंका हो रही है। इस सुनियोजित हत्या में कम से कम तीन चार साथी भी शामिल है। उन्होने लिखा है कि इस हत्याकांड़ में पुलिस ने सिर्फ एक आरोपी निखिल बरेठ को ही आरोपी बनाया है। जबकि पूरे मामले में लगभग 3-4 लोगो के द्वारा इस हत्याकांड़ को अंजाम देने में सहयोग किया। पुलिस के बताए अनुसार मेरे पति पर अचानक हमला किया गया है जबकि पूरा हत्या एक षड़यंत्र का हिस्सा है तथा सुनियोजित तरीके से इस हत्याकांड़ को अंजाम दिया गया है। इसमे सिर्फ निखिल बरेठ ही नही बल्कि उनके अन्य साथी जो कि उनको घटना स्थल से लेकर रायपुर तक छोड़ने गये। उन सभी को बचाया जा रहा है। पुलिस के थ्योरी के अनुसार अकेला निखिल ने अभिषेक को रोकवायाए मारपीट किया और फिर चाकू से ताबड़तोड़ हमला किया। घटना नेशनल हाईवे 130 बी सारंगढ़ सरसीवां मार्ग पर हुआ। मुख्य मार्ग पर निखिल अकेला अभिषेक की हत्या करके फरार हो जा रहा है और कोई भी उसका साथी या मददगार का नाम तक पूरे घटनाक्रम में पुलिस पता नही कर पाई है यह संभव ही नही है। उन्होने बताया कि पुलिस के कई साथियो ने विवेचना के प्रारंभिक समय में मृतक के परिजनो को बताया था कि सरसीवां से अभिषेक का पीछा करते हुए आरोपी निखिल बरेठ आ रहा था और उसके साथी के साथ थे। वही चंदाई में कुछ दुकानो से सीसीटीव्ही फुटज की भी जानकारी पुलिस के साथी मौखिक रूप से बता रहे थे। साथ ही संतोषी राईस मिल सहित राधाकृष्ण अस्पताल के सीसीटीव्ही फुटेज में निखिल के साथ कुछ आरोपी की चर्चा विवेचना के दौरान हुआ था।

■ अभिषेक केशरवानी की हत्या में एक से अधिक के शामिल होने की आशंका

### कार की टक्कर से वृद्ध कालरीकर्मी की मौत

**सोनगरा।** दुकान सामान लेने जा रहे वृद्ध कॉलरी कर्मी को मॉडिफाई जीप के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कॉलरी कर्मी की मौके पर ही मौत हो गई। इधर आए दिन हो रही सड़क दुर्घटना को लेकर नगर के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। घटना से आक्रोशित लोगों एवं परिजन ने शनिवार की सुबह भटगांव - जरही मार्ग में मिशन चौक पर चक्का जाम कर दिया। लोगों ने पुलिस की कार्यशैली पर आक्रोश प्रकट करते हुए घटना घटित करने वाले युवक को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। लगभग दो घंटे तक चले चक्का जाम को एसडीओपी प्रतापपुर के आश्वासन पश्चात समाप्त किया। चक्का जाम के दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लाइन लग गई।

## सारंगढ़ में अवैध शराब व जुआ पर लगातार हो रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़




सारंगढ पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा, अति पुलिस अधीक्षक कमलेश प्रसाद चंदेल एवं एसडीओपी अविनाश मिश्रा के कुशल मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली भावना सिंह द्वारा के मार्ग दर्शन में थाना सिटी कोतवाली सारंगढ़ के अलग-अलग टीम द्वारा अवैध शराब पर रोक लगाने हेतु मुखबिर सूचना पर आरोपीगण के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही लगातार जारी है जिसमें धारा 34 (2) 59 (क) आबकारी के विरूद्ध आरोपीगण संजू यादव पिता श्यामलाल यादव उम्र 28 वर्ष मोतीचंद निषाद पिता लक्ष्मण निषाद उम्र 24 वर्ष साकिनान टिमरलगा से 40 पाव देशी प्लेन शराब कीमती 3200 रुपए, 10 पाव सिन्डीकेट अंग्रेजी शराब कीमती 1200 रुपए जुमला-09 लीटर देशी एवं अग्रेजी शराब कीमती-4400 रुपए एवं मोटर सायकल हीरो पैशन प्रो कमांक सीजी 06 पीए-3829 कीमती 10,000 रुपए जब्त की गई। धारा 34 (2) 59 (क) आबकारी के विरूद्ध आरोपी लक्ष्मी कुर्रे पति देवराम कुर्रे उम्र 50 वर्ष निवासी कुर्राहा से अवैध 25 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 5000 रुपए जब्त की गई। धारा 34 (2) 59 (क) आबकारी के विरूद्ध आरोपी सत्यम सिंह पिता स्व गब्बर सिंह उम्र 25 वर्ष निवासी जिल्दी से अवैध देशी प्लेन शराब 10.800 लीटर कीमती 4800 रुपए जब्त की गई। धारा 34 (1) क आबकारी के विरूद्ध आरोपी देवेन्द्र खाण्डे पिता राजेश प्रसाद उम्र 27 वर्ष निवासी कोतमरा से अवैध 04 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 800 रुपए जब्त की गई। धारा 34 (2) 59 (क) आबकारी के विरूद्ध आरोपी रूकमणी महिलाने पति दयानंद महिलाने उम्र 45 वर्ष निवासी जिल्दी से अवैध कच्ची महुआ शराब 08 लीटर कीमती 1600 रुपए जब्त की गई।

धारा 34 (2) 59 (क) आबकारी के विरूद्ध आरोपी सत्यम सिंह पिता स्व. गब्बर सिंह उम्र 25 वर्ष निवासी जिल्दी से अवैध देशी प्लेन शराब 10.800 लीटर कीमती 4800 रुपए जप्त की गई। धारा 34 (1) क आबकारी के विरूद्ध आरोपी देवेन्द्र खाण्डे पिता राजेश प्रसाद उम्र 27 वर्ष निवासी कोतमरा से अवैध 04 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 800 रुपए जब्त की गई। धारा 34 (2) 59 (क) आबकारी के विरूद्ध आरोपी रूकमणी महिलाने पति दयानंद महिलाने उम्र 45 वर्ष निवासी जिल्दी से अवैध कच्ची महुआ शराब 08 लीटर कीमती 1600 रुपए जब्त की गई।

## पलंग से गिरे युवक की चोट से गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शराब के नशे में एक सेलून संचालक मच्छरदानी समेत पलंग से जमीन में ऐसे गिरा कि सिर से खून निकलने पर उसकी जिंदगी खत्म हो गई। घर से जब लाश के सडऩे की बदबू आईए तब कहीं जाकर उसके परिजनों को घटना की भनक लगी। यह मामला धरमजयगढ़ का है। पुलिस के अनुसार नीचे पारा धरमजयगढ़ में रहने वाला राजेश्वर ठाकुर 42 साल बस स्टैंड के किनारे ठेला लगाते हुए सेलून चलाता था। शुक्रवार शाम नगर पंचायत के कर्मचारी बस स्टैंड से ठेला हटाने का नोटिस लेकर राजेश्वर के घर गए तो काफी आवाज देने के बाद भी वह बाहर नहीं आया। वहीं राजेश्वर के यहां सडान्ध बदबू आने पर किसी अनहोनी की आशंका होने पर नगर पंचायत कर्मियों ने आसपास के लोगों और उसके भाई को बुलवाया। राजेश्वर ने भाई ने खिडक़ी से भीतर झांका तो वहां का नजारा देख एकबारगी उसके होश उड़ गए।



दरअसल राजेश्वर मच्छरदानी समेत पलंग से नीचे जमीन में सीने के बल गिरा पड़ा था और उसके सिर से खून बह रहे थे। फिर क्या, घर में नाई की संदिग्ध हालत में रक्तरंजित लाश मिलने की खबर देखते ही देखते इस कदर फैली कि वहां भीड़ लगने पर थाने में सूचना देनी पड़ गई। वहीं, हरकत में आई पुलिस ने तत्काल घटना स्थल पहुंचकर जायजा लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा है। पुलिस की पूछताछ में यह बात सामने आई कि राजेश्वर शराब पीने का आदी था।



## मिशन लाइफ व ओडीएफ प्लस के तहत जागरुकता अभियान

**रायगढ़।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की स्वायत्त संस्था नेहरू युवा केन्द्र रायगढ़ द्वारा जिला युवा अधिकारी चंद्रभूषण चौबे व लेखापाल राहुल गोस्वामी के निर्देशन में जिले के सभी ब्लाकों में मिशन लाइफ के तहत ओडीएफ प्लस जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत नेहरू युवा केन्द्र से संबद्ध में युवा मंडलों द्वारा गांवों, स्कूलों और कॉलेजों में चित्रकला और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। विदित हो कि इस कार्यक्रम हेतु यूनिसेफ और नेहरू युवा केन्द्र छत्तीसगढ़ द्वारा पूर्व में युवाओं के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण का अयोजन रायपुर के ठाकुर प्यारेलाल ग्रामीण विकास प्रशिक्षण संस्थान में किया गया था जहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर युवा स्वयंसेवकों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी युवा स्वयंसेवक सुखदेव टंडन के नेतृत्व में नेहरू युवा केन्द्र रायगढ़ से संबद्ध में स्कूलों, कॉलेजों व महिला समिति के सभी लोगों को जागरूक कर साथ ही सभी ग्राम पंचायत के सार्वजनिक स्थानों पर ओडीएफ एवं ओडीएफ प्लस की पोस्टर लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है एंव जलवायु परिवर्तन, जल संरक्षण और मिशन लाइफ के उद्देश्यों को बताया जा रहा है तथा मिशन लाइफ में पर्यावरण की सुरक्षा के लिए उत्तरदायित्व रहने का सलाह भी दिया जा रहा है।

## ढोल मंजीरों की ताल पर भोजपुरी कलाकारों ने बांधा समां

# फाग गीतों से सजा भोजपुरी समाज का होली मिलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर में 23 मार्च की शाम कुछ खास रही। मौका था नगर के भोजपुरी समाज के होली मिलन समारोह का। रंग ओ गुलाल ए उमंग और उल्लास के बीच 23 मार्च की शाम रंगों में डूबे भोजपुरी समाज के होली मिलन समारोह में ढ़ोल मंजीरो की ताल पर सजी फाग गीतों ने महफिल लूट ली।

सामाजिक मिलन समारोह का आयोजन वासुदेव बस ट्रांसपोर्ट के संचालक प्रियदर्शी वासुदेव के छातामुरा स्थित पेट्रोल पंप परिसर में किया गया था। इस आयोजन में जिले भर से भोजपुरी समाज के तमाम गणमान्य जन शामिल हुए। शनिवार शाम भोजपुरी समाज के होली मिलन समारोह के दौरान भोजपुरी कलाकारों ने अपनी गीतों से समां बांध दिया। ढोल की थाप और झाल की झनझनाट पर फाग गीतों ने मौजूद लोगों को भोजपुरिया मिट्टी की याद दिला दी। होली के गीतों से पूरा माहौल होलिमय नजर आया। होली मिलन के मुख्य व्यवस्थापक वासुदेव बस सर्विस के संचालक राजकिशोर सिंह व घनश्याम सिंह मामा ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजनों से आपसी सौहार्द कायम होता है और एक दूसरे पर सामाजिक विश्वास बढ़ता है। सभी सामाजिक लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाओं का आदान प्रदान किया। लजीज नाश्ते और ठंडाई ने होली मिलन का आनंद बढ़ाया और रात्रि भोज की अविस्मरणीय खुशनुमा यादों के साथ देर रात होली मिलन कार्यक्रम का समापन हुआ। समारोह में मौजूद सभी लोगों ने घनश्याम सिंह मामा को होली मिलन के आयोजन की सराहना की। इस सामाजिक आयोजन में प्रमुख रुप से प्रशांत पांडेय, हरेराम तिवारी, अनिल पांडेय, पिंटू सिंह, चंद्रप्रकाश बब्बल, अनिल पाण्डेय, अश्वनी सिंह, अजय सिंह, श्रवण सिंह, अमरनाथ सिंह, योगेन्द्र सिंह, उपकार सिंह, पवन ओझा, उमेश उपाध्याय समेत भोजपुरी समाज के लोग शामिल हुए।





24-Mar -RGH- Janj H-bhoomi pg-0 2_Layout 1 3/24/2024 7:30 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### भाजयुमो के नकुल बने महामंत्री, दीपक कोषाध्यक्ष

**सारंगढ़।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर युवा मोर्चा के संगठन को मजबूती देने के लिए नई टीमों का गठन किया गया। भाजपा युवा मोर्चा सालर मल्दा मंडल के अध्यक्ष संजीव शर्मा के द्वारा शुक्रवार को नई टीम का गठन करते हुए सालर मल्दा मंडल में दानसरा के नकुल साहू को महामंत्री एवं माधोपाली के दीपक पटेल को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गए। इस गठन को लेकर युवाओं में हर्ष का माहौल है। संगठन को मजबूती देने के लिए पदाधिकारियों के द्वारा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर घर घर जाकर मोदी की गारंटी एवं महतारी वंदन योजना की सफलता को युवा मोर्चा द्वारा घर घर जाकर जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। वही किसानों के हित में एकमुश्त बोनस कि घोषणा के बाद जो खाते में रुपए डाले गए हैं जिसे लेकर भाजपा युवा मोर्चा घरों में जा जाकर प्रचार कर रही है।साथ ही भाजपा के प्रति विश्वशनीयता को बढ़ाने एवं बनाए रखने हेतु जनता को प्रोत्साहित कर रही है। भाजपा युवा मोर्चा के गठन से वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने भी खुशी जताई और पार्टी में रहकर अग्रसर कार्यरत रहने और कार्य करने हेतु प्रेरित किया।

### खुले नाली में गिरा मवेशी

**पोड़ीमोड़।** पोड़ी मोड़ बनारस मार्ग पर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बनाए गए नाली निर्माण अब लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। ठेकेदार द्वारा नाली तो बना दिया गया परंतु नाली को ढका नीं जिससे मवेशी गिर घायल हो रहे है। गत दिन भी मवेशी खुले नाली में गिर गया जिसे ग्रामीणों ने जेसीबी की मदद से बाहर निकाला। बनारस मार्ग में विभाग द्वारा कुछ दिन पहले नाली निर्माण का कार्य कराया गया लेकिन ठेकेदार की मनमानी की वजह से नाली तो बना दिया गया लेकिन ढक्कन नहीं लगाया। क्षेत्र के ग्रामीण कन्हैयालाल कुशवाहा, शिव बालक सिंह द्वारा बताया गया कि ठेकेदार को कई बार नाली पर ढक्कन लगाने कहा गया परंतु ठेकेदार द्वारा ढक्कन नहीं लगाया गया। नाली के खुला होने से आए दिन मवेशी गिर घायल हो जाते है। गत दिन भी एक गाय की नाली में गिर घायल हो गई जिसे गांव के ही राहुल कुशवाहा, विजय नारायण कुशवाहा, शिवचरण नापित, संजय कुशवाहा, शिवम गुप्ता ने जेसीबी की मदद से बाहर निकाला। इधर नाराज ग्रामीणों द्वारा चंदा इकट्ठा कर नाली में ढक्कन लगवाया जा रहा है जिससे भविष्य में ऐसी घटना न हो सके।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**अंबिकापुर।** सड़क दुर्घटना में घायल दूसरे युवक की भी उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक ने बीती रात मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है इसके साथ ही मामले की जांच की जा रही है। बता दें कि जशपुर जिले के पंडरापाट अंतर्गत ग्राम गेरसा निवासी 25 वर्षीय देवधारी नगेसिया अपने साले प्रभु व 40 वर्षीया सूरजो बाई के साथ दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बतौली क्षेत्र में आया हुआ था और शनिवार की सुबह तीनों बाइक से वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान बतौली पहुंचने से पहले पुल पर तेज रफ्तार बाइक अचानक उछल गई और चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। तेज रफ्तार बाइक उछलने के बाद सामने से आ रहे स्कूटी सवार 50 वर्षीय मनोज गुप्त व 48 वर्षीय मनोज गुप्ता आ. स्व. पारस नाथ गुप्ता से जा टकराई। टक्कर के बाद स्कूटी व बाइक सवार सड़क पर गिर गए और घटना में सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण देवधारी नगेसिया की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना में बगीचा डम्हाटोली निवासी प्रभु नगेशिया आ. बुधन राम भी गंभीर रूप से घायल हुआ था जिसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान प्रभु नगेशिया ने दम तोड़ दिया। आज पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

## यशवंतराज गैस एजेंसी से चोरी हुए सिलेण्डर संबलपुर से बरामद

# 110 नग चोरी के एलपीजी सिलेंडर के साथ ओडिशा के तीन युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोतरारोड़ पुलिस द्वारा ग्राम तारापुर गैस गोदाम से चोरी एलजी मामले में तीन आरोपियों का ग्राम न्यायालय आंताबिरा ओड़सिा से प्रोडक्शन वारंट जारी करा कर रायगढ़ लाया गया जिनकी फॉर्मल गिरफ्तारी की कार्रवाई की गई है।

जानकारी के मुताबिक 17 जनवरी को थाना कोतरारोड़ में एचपी गैस गोदाम के संचालक यशवंत राज सिंह द्वारा थाना कोतरारोड़ में आवेदन देकर 10 से 16 जनवरी के बीच उनके ग्राम तारापुर गैस गोदाम से 110 नग एलपीजी गैस सिलेंडर कीमत 3,51,320 रूपए का अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। थाना कोतरारोड में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध नकबजनी का अपराध कायम कर माल मुलाजिम की पतासाजी की जा रही थी। इसी दरमियान कोतरारोड़ पुलिस को उक्त चोरी में संबलपुर ओड़सिा के आशीष सिंह, डेनियल मुंडा केरकेट्टा, देवशीष सेनापति द्वारा चोरी किए जाने की जानकारी मिली। आरोपियों को





जब्त किए गए गैस सिलेण्डरों के साथ पुलिस अभिरक्षा में गिरफ्तार आरोपी।

15 जनवरी को थाना आंताबिरा जिला बरगढ़ पुलिस द्वारा चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर जिला जेल बरगढ़ दाखिल किया गया था। कोतरारोड़ पुलिस को जानकारी प्राप्त होने पर ग्राम न्यायालय आंताबिरा में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आरोपियों का प्रोडक्शन वारंट जारी करा कर रायगढ़ लाया गया जिनकी फॉर्मल गिरफ्तारी की गई। शातिर आरोपी आशीष सिंह पिता शरद सिंह उम्र 24 साल बराईपाली थाना औरापाली जिला संबलपुर उड़ीसा डेनियल मुंडा केरकेट्टा पिता सुनाउ मुंडा 27 साल निवासी माझीपाली थाना सासोन जिला संबलपुर उड़ीसा देवशीष सेनापति पिता कैलाश सेनापति उम्र 26 साल ग्राम सोनापाली थाना धनुपाली जिला संबलपुर उड़ीसा के खिलाफ 19 चोरी के मामले अलग अलग थानों में दर्ज होने की जानकारी मिली है, ये चार पहिया अशोक लीलैंड वाहन ओडी 15 टी. 8412 में 110 नग एचपी गैस को चोरी कर ले गए थे।

थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक राकेश मिश्रा एवं प्रधान आरक्षक करूणेश राय एवं स्टाफ की आरोपियों की पतासाजी में अहम भूमिका रही है।



## क्रशर उद्योग में हादसा महिला की मौत, सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सारंगढ बिलाईगढ़ जिले के बिलाईगढ में स्थित रामचंद्रो नामक एक क्रेशर मशीन में शनिवार को हुए एक हादसे में क्रेशर में काम कर रही महिला की मौत होने की जानकारी सामने आई है। क्रेशर संचालकों के द्वारा हादसे को दबाने का भी प्रयास किया जा रहा है। बिलाईगढ़ पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। मृतिका का नाम रामोतिन बाई कुर्रे उम्र 39 वर्ष टाडापारा बिलाईगढ़ निवासी बताया गया है। जानकारी होने के बाद सारंगढ कलेक्टर के निर्देश पर माइनिंग विभाग ने क्रेशर को सील कर दिया है।

क्रेशर में एक महिला के मौत के खबर पर कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने त्वरित संज्ञान लेते हुए खनिज अधिकारी एच डी भारद्वाज को कारवाई के निर्देश दिए। खनिज अधिकारी भारद्वाज के मार्गदर्शन में खनिज अमला द्वारा बिलाईगढ क्षेत्र में स्थित मित्तल स्टोन क्रेशर प्रो. सुरेश अग्रवाल के दुर्घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान छग खनिज खनन परिवहन भंडारण नियम 2009 के शर्तो और नियमों का उल्लंघन पाया गया। जिसमे भंडारण स्थल में फेंसिंग तथा दीवारों का घेरा नही होना पाया गया। स्थापित क्रेशर में डस्ट सेपरेशन हेतु कवर नहीं होना पाया गया। मौका स्थल पर फर्स्ट एड बॉक्स एवं प्राथमिक सुरक्षा उपकरण नही पाए गए। इन सभी के संबंध में मित्तल स्टोन क्रेशर प्रो. सुरेश अग्रवाल को नोटिस दिया गया तथा क्रेशर को सील कर बंद किया गया। इस संबंध में पांच दिवस भीतर जवाब प्रस्तुत नही करने पर छग खनिज खनन परिवहन भंडारण नियम 2009 के तहत एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी। बता दें कि बिलाईगढ़ क्षेत्र में कई अवैध क्रेशर एवं पत्थर खदान संचालित हो रही है जिस पर लगाम लगा पाना प्रशासन के लिए भी अब चुनौती बना हुआ है। लगातार क्रेशरो में हादसे की खबर निकल कर सामने आती है लेकिन संचालकों के द्वारा मोटा पैसा देकर हादसों को दबा दिया जाता है। और क्रेशरो की चपेट में आकर कई परिवार बिखर कर रह जा रहे हैं। जिस पर प्रशासन आंख मूंद कर बैठी हुई है। इतनी बड़ी हादसा हो जाने के बाद भी अब तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई क्रेशर एवं पत्थर खदानों पर नहीं की जा रही है। कई बार अधिकारियों से पूछने पर जांच का हवाला दे दिया जाता है।

## बाइक से गिरे अधेड़ की ट्रैक्टर से दबकर मौत

**रायगढ़।** शादी समारोह से वापसी के दौरान मोपेड से गिरने वाला अधेड़ किसान उठ पाता इसके पहले ट्रैक्टर की गिरफ्त में आने से उसकी जान ही निकल गई। बेलगाम रफ्तार के कहर से फिर किसी घर मातम पसरने का यह मामला घरघोड़ा थाना क्षेत्र का है। घटना की विवेचना कर रहे सहायक उपनिरीक्षक रामसजीवन वर्मा ने बताया कि ग्राम रायकेरा के डोंगरी पारा में रहने वाला श्यामलाल खड़िया आत्मज संकीर्तन खड़िया 54 साल खेती किसानी करता था। श्यामलाल गांव के अगनु राम नगेसिया के साथ टीवीएस एक्सल मोपेड लेकर वैवाहिक समारोह में शामिल होने घरघोड़ा के यादव पारा गया था। दोनों ग्रामीण दोपहर घरवापसी के लिए निकले थे। इस दौरान तिलईपाली एनटीपीसी गेट के सामने गाड़ी अचानक बन्द होने पर अगनु राम वहां उतर गया। श्यामलाल द्वारा मोपेड चालू करने पर अगनु राम उसमें बैठ नहीं पाया था। वहीं श्यामलाल अचानक असन्तुलित होकर सड़क तरफ जैसे ही गिरा वैसे ही पीछे से अपेक्षाकृत तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर चालक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया।

## नवीन जिंदल बने इंडियन स्टील एसोसिएशन के अध्यक्ष



**रायगढ़।** जिंदल स्टील एंड पावर के अध्यक्ष नवीन जिंदल को शीर्ष समिति द्वारा सर्वसम्मति से इंडियन स्टील एसोसिएशन आईएसए का अध्यक्ष चुना गया है, जो आईएस की शासी निकाय है। जिंदल स्टील एंड पावर के अध्यक्ष नवीन जिंदल को शीर्ष समिति द्वारा सर्वसम्मति से इंडियन स्टील एसोसिएशन आईएसए का अध्यक्ष चुना गया है, जो आईएस, की शासी निकाय है। उन्होंने गुरुवार को आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया के सीईओ दिलीप ओम्मन का स्थान लेते हुए कार्यभार संभाला।

## नेतनागर हाईवे पर भारी वाहन ने युवक को कुचला, शव क्षत-विक्षत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बीती रात बेलगाम रफ्तार के कहर ने नेतनागर हाईवे में एक युवक को इस कदर कुचला कि सिर और पैर बुरी तरह क्षत.विक्षत होने पर मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई। दिल को दहला देने वाला यह हादसा शहर के जूटमिल थाना क्षेत्र का है।

दुर्घटना की विवेचना कर रहीं प्रधान आरक्षक रेखा नागरे ने बताया कि कबीर चौक से ओडिशा रोड स्थित ग्राम नेतनागर के हाईवे में 22-23 मार्च की दरमियानी रात करीबन 2 बजे एक शख्स की क्षत विक्षत लाश देख राहगीरों ने मौके की नजाकत को भांप 112 नंबर डायल कर सूचना दी। वहीं, जूटमिल थाना प्रभारी मोहन भारद्वाज को सड़क हादसे की भनक लगने पर उन्होंने मातहत स्टॉफ को मौके पर रवाना किया।

वर्दीधारी जब घटना स्थल पहुंचे तो पाया कि मृतक का सिर तथा दोनों पैर शरीर से अलग



कुचले हालत में मिले और बुरी तरह जख्मी केवल धड़ ही पड़ा था। एम्बुलेंस पहुंचने पर क्षत विक्षत मृतदेह को समेटकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय के मर्च्यूरी रूम में रखा गया है। कॉर्बन कलर की टीशर्ट पहने मृतक युवक की उम्र 35 से 40 साल के बीच होने की संभावना जताई गई है। प्रथमद्रष्टया स्पष्ट है कि भारी वाहन की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत हुई है। जूटमिल पुलिस मर्ग कायम करते हुए मृतक के वारिसानों की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

### खंभे से टूटे तार के करंट में फंसकर दिव्यांग की गई जान

**रायगढ़।** बिजली खंबे से टूटकर गिरे करंट प्रवाहित तार की चपेट में आने से एक दिव्यांग युवक की जीवनज्योत असमय बुझ गई। मृतक बोल और सुन नहीं सकता था। यह दुखद प्रसंग खरसिया थाना क्षेत्र का है। मामले की विवेचना कर रहे सहायक उपनिरीक्षक उमाशंकर धृतांत ने बताया कि खरसिया से तकरीबन 8 किलोमीटर दूर ग्राम परसकोल में रहने वाला रामेश्वर केंवट आत्मज पंचराम 30 वर्ष गूंगा बहरा था। गुरुवार सुबह 7 बजे घर से निकलने वाले रामेश्वर की लाश अपरान्ह लगभग 12 बजे गांव के बलराम साहू के खेत में संदिग्ध हालत में पाई गई। दिव्यांग की मौत की खबर से भीड़ लगने पर थाने में सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का बारीकी से निरीक्षण किया तो उसके दाहिने कंधे में खंभे से टूटकर नीचे गिरे बिजली तार को देखा। माना जा रहा है कि रामेश्वर जब बलराम के खेत के पास पहुंचा तो खंभे से झूल रहे करंट प्रवाहित तार ने उसकी जीवनलीला समाप्त कर दी। बहरहाल सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद दिव्यांग के शव को अंतिम संस्कार के लिए केंवट परिवार को सौंपने वाली खरसिया पुलिस मर्ग कायम कर हादसे की जांच पड़ताल में जुटी है।



### पुसौर में शहीद दिवस का आयोजन

**पुसौर।** शहीदे आजम सरदार भगतसिंह जो हिन्दुस्तान के छोटे बडे सबके दिलों में बसते हैं उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि देने एक छोटा लेकिन प्रेरक श्रद्धांजलि कार्यक्रम स्थानीय बस स्टेंड पुसौर में हरित सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित हुआ। गौरवशाली उपरोक्त श्रद्धांजलि सभा में पुष्प समर्पण कर व कैंडिल जलाकर शहीद दिवस मनाया गया। सरदार भगत सिंह सहित सुखदेव व राजगुरू को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष सीताराम चौहान, उदघोशक प्रेम गुप्ता, पर्यावरणविद एवं स्वतंत्र पत्रकार शिव राजपुत, पत्रकार गौतम पंडा बंशी चौहान, जयप्रकाश गुप्ता, इजाज खान, राधेश्याम गुप्ता सुदाम साव, प्रदीप शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## होली पर तेज हुई सुरक्षा की जांच स्टेशन पर मुस्तैद हुए जवान

**रायगढ़।** होली त्यौहार को लेकर यात्रा कर रहे यात्रियों को परेशानी का सामना न करना पड़े इसके लिए रेलवे स्टेशन व प्लेटफार्म में जांच तेज हो गई है। इस दौरान बगैर यात्रा के घुमने वाले लोगों से पूछताछ कर भगाया जा रहा है, ताकि यात्रियों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

होली और आचार संहिता को लेकर हुड़दंगियों पर नजर रखने के लिए जहां जिला पुलिस पूरी तैयारी के साथ तैनात है तो वहीं उच्चाधिकारियों के निर्देश पर आरपीएफ और जीआरपी बल भी पूरी मुस्तैदी से जांच में जुट गई है। इस दौरान दिन हो या रात लगातार गस्त जारी है, ताकि यात्रा करने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना न करना पड़े। इस संबंध में आरपीएफ पोस्ट प्रभारी राजेश वर्मा ने बताया कि वैसे होली के मात्र दो दिन शेष बचा है, ऐसे में स्टेशन परिसर में किसी प्रकार की अनहोनी न हो इसके लिए जांच तेज गई है। इस दौरान स्टेशन परिसर व प्लेटफार्म में नशाखोरी कर प्रवेश करते पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके



लिए बल लगातार जांच कर रही हैं। वहीं यात्री प्रतिक्षालय सहित स्टेशन के बाहर भी बल तैनात है ताकि यात्रियों को परेशानी का सामना न करना पडे। अभी तक दूर दराज के ट्रेनों में भीड़ चल रही थीए लेकिन अब होली के दो दिन शेष होने के कारण लोकल ट्रेनों में भीड़ बढ़ गई है। इस दौरान शनिवार को सुबह से देर शाम तक टिकट काउंटर पर यात्रियों की भीड़ लगी रही। साथ ही जो भी ट्रेन आ रही थी, उससे उतरने व चढने वाले यात्रियों की जांच भी की जा रही थीए ताकि कोई यात्री कोई अवैध सामान के साथ यात्रा न कर सके। साथ ही प्लेटफार्म में जांच के साथ बैग स्केनर से भी जांच चल रही थीए हालांकि देर शाम तक स्थिति सामान्य रही।

**जांच जारी**

इस संबंध में आरपीएफ पोस्ट प्रभारी राजेश वर्मा ने बताया कि इन दिनों होली त्यौहार के साथ आचार संहिता भी लागू हो गया है। जिसको लेकर बिलासपुर जोन से जांच के निर्देश जारी किया गया है। जिससे यात्रियों पर सीसी टीवी कैमरे से जांच तो चल ही रही है, साथ ही जवान भी तैनात किए गए हैं। ताकि अवैध सामान के साथ कोई यात्री यात्रा न कर सके।

## थाने में मालिकों को लौटाए गए मोबाइल

रायगढ़। घरघोड़ा पुलिस द्वारा आज सीईआईआर पोर्टल में दर्ज हुए पांच गुम मोबाइल को ढूंढ कर उनके वास्तविक मलिक को लौटाया गया है। विदित हो कि जिला साइबर सेल द्वारा गुम और चोरी हुए मोबाइल ट्रैक किए जाते हैं। विगत दिनों साइबर सेल द्वारा मिसिंग मोबाइल एंट्री करने हर थानों को सीईआईआर पोर्टल के आईडी पासवर्ड



उपलब्ध कराया गया था जिसमें गुम और चोरी हुए मोबाइल फोन के आईएमईआई नंबर की जानकारी उपलब्ध होती है जिसकी निगरानी करते हुए घरघोड़ा पुलिस ने पांच गुम हुए मोबाइल को ढूंढ निकाला और उनके वास्तविक स्वामी को सुपुर्द किया है। इन पांच मोबाइल की कीमत लगभग 50,000 है।

## अपराधियों पर अंकुश लगाने थाने में कोटवारों की बैठक

**पुसौर।** होली के अवसर पर हुडदंगियों पर अंकुश लगाने संबंधी तैयारियों की कड़ी में पुसौर थाने में आदतन अपराधियों सहित संभावित हुडदंगियों को समझाईश देने के लिए तलब किया गया जिससे पुसौर में होली त्यौहार मनाया जा सके वहीं संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हांकित करते हुए गश्त संबंधी रूट चार्ट भी बनाया गया इस संबंध में टीआई आर के बनजारे ने बताया कि पुलिस महकमा मुस्तैदी से अपना कर्तव्यों का निर्वहन



करने वचनबद्ध है वहीं उन्हौने पुसौर नगर एवं समस्त थाना क्षेत्र वासियों से सहयोग की अपील की है इसके साथ ही थाना के 120 ग्रामों के कोटवारियों का थाने में बैठक किया गया। जिसमें इन्हे अवगत कराया गया कि गांव के प्रत्येक मामलों को थाना से साझा करें। ज्ञात हो कि लोक सभा चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता लागू हैं इस बीच होली भी है ऐसे स्थिति में शांति व्यवस्था कायम करने के साथ ही त्यौहारों का कैसे सहृदयता के साथ पालन किया जा सके इसके लिये प्रशासन एवं उसके लोग हर संभव प्रयासरत है।

## निम्हा उपार्जन केन्द्र के धान में होने लगा अंकुरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

उपार्जन केन्द्रों में पिछले पांच महीने से खुले आसमान के नीचे पड़े धान पर अब गर्मी एवं बेमौसम वर्षा का असर दिखने लगा है। महीनों से पड़ी धान की बोरियों का वजन डेढ़ किलों घट गया है वहीं नीचे की बोरियों से अब धान का अंकुरण होना शुरू हो गया है।

**खास बात**

- चार महीनों से खुले आसमान के नीचे पड़ है धान

बेमौसम बारिश से उपार्जन केन्द्र निम्हा को लाखों रूपए की क्षति होने का अनुमान लगाया जा रहा है। धान खरीदी बंद होने के एक महीने बाद भी विकासखण्ड के उपार्जन केन्द्रों में संग्रहित धान का उठाव नहीं हो सका है। चूहे लगातार धान की बोरियों को कुतर रहे हैं। लम्बे समय से खुले आसमान के नीचे पड़े होने के कारण धान में सूखत आने के कारण लगातार वजन घट रहा है। हाल में आए आंधी-



तूफान में भी धान को नुकसान हुआ है तथा बारिश में भारी मात्रा में धान भीग गया है। अभी भी विकासखण्ड अंतर्गत उपार्जन केन्द्र निम्हा में 8900 क्विंटल, कुन्नी में 5967, जमगला में 3000, लोसंगा में 290, पुहपुटरा में 924 एवं अमलभिट्टी में 1494 क्विंटल धान के उठाव का इंतजार किया जा रहा है। समिति प्रबंधकों का कहना है कि प्रति बोरी 40.700 किलों धान की खरीदी की गई थी। नियमानुसार खरीदी के 24 घंटे के अंतराल में धान का उठाव होना चाहिए लेकिन खरीदी के चार महीने बाद भी धान का उठाव नहीं हो सका है। लम्बे समय तक खुले आसमान के नीचे पड़े होने के कारण धान की बोरियों में डेढ़ किलों की सूखत आ रही है। हाल में आए आंधी-तूफान में तिरपाल के नीचे रखा धान भीग गया है तथा मौसम साफ होने के बाद अब धान की बोरियों से अंकुर निकलना शुरू हो गया है।

डीओ लेने के बावजूद राइस मिलर धान का उठाव में रूचि नहीं ले रहे हैं तथा धान के खराब होने का इंतजार कर रहे हैं। इस संबंध में निम्हा उपार्जन केन्द्र के प्रभारी बुधन राम ने बातया कि उपार्जन केन्द्र द्वारा खरीदे गए 56 हजार क्विंटल में से 8900 क्विंटल धान उठाव के लिए बचा है। आंधी-तूफान, बारिश में भीगा धान अंकुरित हो रहा है। धान को अंकुरण से बचाने प्रतिदिन तिरपाल खोलकर सुखाया जा रहा है। उपार्जन कैन्द्र का 100 क्विंटल धान खराब होने का अनुमान है।

## होली के पहले आबकारी एक्ट की कार्रवाई में 6 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

22 मार्च को सार्वजनिक स्थानों पर शराबखोरी कर रहे 06 व्यक्ति रामदास बैरागी पिता मुरलीदास बैरागी उम्र 42 वर्ष निवासी लोढाझर थाना भूपदेवपुर, जगमोहन साहू पिता यदुनाथ साहू उम्र 22 वर्ष निवासी लोढाझर थाना भूपदेवपुर, पुष्पेन्द्र साहू पिता चतुर सिंह उम्र 42 वर्ष निवासी लोढाझर थाना भूपदेवपुर, भागीरथी साहू पिता चैतराम साहू उम्र 35 वर्ष निवासी लोढाझर थाना भूपदेवपुर, संदीप महंत पिता छत्तर दास महंत उम्र 19 वर्ष निवासी लोढाझर थाना भूपदेवपुर, रूपेन्द्र दास महंत पिता नर्मदा दास महंत उम्र 27 वर्ष



निवासी लोढाझर थाना भूपदेवपुर को पकड़ा गया जिन पर धारा 36 आबकारी एक्ट के साथ पृथक से धारा 151 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई किया गया है।

- 10 लीटर महुआ शराब भी जब्त

अवैध शराब पर कार्यवाही के क्रम में भूपदेवपुर पुलिस द्वारा मुखबीर से मिली सूचना पर ग्राम बिलासपुर स्थित इंडियन ढाबा के सामने अवैध बिक्री के लिए शराब लेकर जा रही महिला मीरा सैनी पति अजायाब सैनी 43 साल निवासी ग्राम बिलासपुर थाना भूपदेवपुर को पकड़ा गया जिसके कब्जे से दो पांच पांच लीटर वाली प्लास्टिक के जरकिन में भरा 10 ब्लक लीटर महुआ शराब की जप्ती की गई है। आरोपिया पर थाना भूपदेवपुर में 34(2) 59(क) के तहत कार्यवाही किया गया है।

शराब रेड कार्यवाही में प्रधान आरक्षक शंभू पांडे एवं आरक्षक विजय पटेल शामिल थे।

24 MARCH-RGH & JANJ PG-03_Layout 1 3/24/2024 6:36 PM Page 1



**खबर संक्षेप**

### छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन कल तक

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य से बाहर संचालित शासकीय व अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग, मेडिकल, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई एवं पॉलीटेक्निक कॉलेज आदि के प्राचार्य, संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमे अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, को सूचित किया गया है कि शिक्षा सत्र 2023-24 हेतु ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के पंजीयन स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाइन की जा रही है। विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन हेतु नवीन एवं नवीनीकरण के लिए 26 मार्च तक एवं क्पेइनतेम करने हेतु 31 मार्च तक निर्धारित किया गया है।

### जल संरक्षण के लिए टीसीएल कॉलेज में शिविर आयोजित

**जांजगीर-चांपा।** विश्व जल दिवस के अवसर पर जल संरक्षण एवं जल बचाव हेतु विधिक जागरूकता शिविर ठाकुर छेदीलाल शासकीय पीजी महाविद्यालय (विधि विभाग) जांजगीर में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव प्रियंका अग्रवाल ने वहां उपस्थित लोगों को विश्व जल दिवस मनाने के उद्देश्य, जल के महत्व, वैश्विक स्तर पर जल की समस्या, जल को प्रदूषण से बचाने व जल संरक्षण के उपाय, नदी बोर्ड अधिनियम, जल संरक्षण आयोग, संयुक्त राष्ट्र संघ एवं भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहं जल संरक्षण के संबध में जानकारी दिया गया। साथ ही विधिक सेवा अधिनियम के गठन एवं उद्देश्य, विधिक सहायता की पात्रता, निःशुल्क अधिवक्ता नियुक्ति, लीगल एड डिफेंस कौसिंल, लोक अदालत, मध्यस्थता, नालसा हेल्प लाइन नंबर 15100 के साथ अन्य कानूनी जानकारी दिया गया। आर. के. पाण्डेय प्राचार्य टी.सी.एल. शासकीय महाविद्यालय जांजगीर द्वारा बच्चों की अनिवार्य शिक्षा, सामाजिक व्यवहारिकता, जल संरक्षण एवं उनके महत्व के साथ ही कानूनी जानकारी दिया गया। आभा सिन्हा विधि विभागाध्यक्ष द्वारा विश्व जल दिवस के अवसर पर जल की संरक्षण एवं बचाव के उपाय, जल के प्रदुशण करने की रोकथाम के साथ बच्चों की शिक्षा एवं पाक्सो अधिनियम के साथ अन्य काननी जानकारी दिया गया। अभय सिन्हा सहायक प्राध्यापक द्वारा संयुक्त राष्ट्र संघ व सरकारों द्वारा चलाए जा रहें जल संरक्षण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विधिक साक्षरता क्लब के महत्व के संबध में जानकारी दिया गया।

### 20 नए हसदेव के हीरो बने स्वयंसेवक

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में ज़िला प्रशासन एवं यूनिसेफ की सयुक्त तत्वधान में युवोदय हसदेव के हीरो कार्यक्रम चलाए जा रहे है। अकलतरा विकास खंड के ग्राम पंचायत तागा के सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यामिक स्कूल में एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे जिला समन्वयक अधिकारी सुश्री दिव्या राजपूत के द्वारा मानसिक स्वास्थ्य, शिक्षा के क्षेत्र में पढ़ाई का कोना,आज क्या सीखा एवं महावारी पर बालिकायों से चर्चा किए ,पोषण, पोखावाड़ा अन्य विषयों पर भी जानकारी दी गई। विकास खंड समन्वयक अधिकारी नरेन्द्र कश्यप के द्वारा युवोदय हसदेव के हीरो एक प्लेट फ्रॉम में जुड़कर प्रशासन और नागरिकों के बीच में एक पुल बनकर किस तरह गांव व समाज के लोगो की सहायता कर सकते है। कार्यक्रम की मंच संचालन कैलाश चौबे के द्वारा किया गया। शासकीय शिक्षक आर एन खरे व सेवा निवृत शिक्षक रामकुमार कश्यप उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रियंका चतुर्वेदी, प्रदीप राठौर, दक्षिता सिंह, दक्षिता सिंह हेमपुष्पा हंसराज सहित अन्य स्वयं सेवक उपस्थित रहें।

विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर कंडे व लकड़ी का किया अर्पण, लोगों ने की जमकर खरीददारी

# होलिका दहन, आज उड़ेंगे रंग-गुलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

रंगों का पर्व होली सोमवार 25 मार्च को अंचल में धूमधाम से मनाया जाएगा। रविवार की रात्रि में लोगों ने होलिका दहन से पूर्व विधि विधान से पूजा अर्चना कर कंडे व लकड़ी का अर्पण किया। वहीं नंगाड़ों के थाप के साथ पूरा माहौल होली के मस्ती में मशगुल हो गया है।

होली को लेकर बच्चों के लिए जहां बड़ों ने रंग पिचकारी एवं मुखौटे खरीदे, वहीं अपने लिए अबीर गुलाल भी लिया। महंगी होने के कारण हर्बल गुलाल की बिक्री कम हुई। फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को यह पर्व मनाया जाता है। हिन्दू काल ज्योतिष गणना के मुताबिक यह वर्ष का अंतिम दिवस होता है। इसके पूर्व रात्रि में जगह-जगह लोगों ने होलिका दहन किया। हालांकि इस बार होलिका दहन के लिए लोगों को शुभ मुहूर्त के लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ा। रविवार को सुबह से भद्र लगने की वजह से रात्रि 10 बजकर 40 मिनट के बाद होलिका दहन किया गया। ऐसी मान्यता है कि इस पर्व पर बुरे विचारों के शमन के प्रतीक के रुप में होलिका दहन की जाती है। महिलाओं ने होलिका दहन के पूर्व हिन्दू मान्यता के अनुसार विधि विधान से पूजा -पाठ किया एवं लकड़ी एवं कंडे का अर्पण किया।



बुराई के प्रतीक पर्व होलिका का हुआ दहन।

25 मार्च को इंद्र धनुषी रंगों का पर्व होली मनाई जाएगी। इसको लेकर बच्चों में भारी उत्साह है। शहर के कचहरी चौक, पुराना बस स्टैण्ड सहित अन्य जगहों पर रंग गुलाल, पिचकारी की दुकानें सजी हुई है। आज पूरे दिनभर रंग, गुलाल, मुखौटों की बिक्री हुई। वहीं नंगाड़ों के थाप के साथ पूरा माहौल होली के मस्ती में मशगुल हो गया है। कुछ मतवाले किस्म के लोगों की तैयारियां अलग है, इसके लिए पहले से ही भांग मंगाई जा चुकी है। विशेषकर युवक-युवतियों को होली पर्व का सुबह का बेसब्री से इंतजार है। वे होली में खूब मस्ती करना चाहते हैं। दूसरी ओर पुलिस की भी चाक-चौबंद व्यवस्था है।



शिवरीनारायण में खरीददारी करते नगरवासी ।

## चांपा में दिनभर हुई रंग-गुलाल की बिक्री

**चाम्पा।** होली का पर्व बच्चे, बड़े, बुजुर्ग महिलाएं सभी के लिए आनंद एवं उल्लास का पर्व है। इन दिनों होली का सुरूर लोगों पर छा गया है। बच्चे गली मुहल्लों में नगाड़े बजाते हुए देखे जा रहे हैं तथा पिचकारियों, रंगो नगांड़ो से बाजार भरा पड़ा है। रविवार 24 मार्च को सुबह से देर रात तक लोगों ने रंग-गुलाल, पिचकारी, मुखौटे की खरीदी की। इस वर्ष नगर में सदर बाजार, सुभाष चौक, बरपाली चौक, मंझली तालाब, स्टेशन रोड इस सभी जगह दुकाने लगी हुई है। दुकानें होली के रंग पिचकारी से सजे हुए हैं। खासकर स्टेशन रोड में मंझली तालाब तथा इण्डोर हाल के आसपास दुकानों में ज्यादा भीड़ देखी गई।



खरीददारी करत लोग।



शहर में फ्लैग मार्च करती पुलिस पार्टी।

## चप्पे-चप्पे पर पुलिस हुड़दंगियों की खैर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

होली में हुड़दंग रोकने जिले में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती रहेगी। रविवार 24 मार्च को दोपहर पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। इसके साथ ही पुलिस की होली ड्यूटी शुरु हो गई है। होली के दौरान सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने जिलेभर में पुलिस बल के 4 सौ जवानों की ड्यूटी लगाई गई है।

होली का पर्व शांतिपूर्वक मनाने के लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। होली के दौरान हुडदंगियों पर नजर रखने चीता पार्टी के अलावा पेट्रोलिंग पार्टी भी बनाई गई है। रविवार 24 मार्च से ही पुलिस की डयूटी शुरू हो गई है। जिला मुख्यालय में पुलिस कंट्रोल रुम से एडिशनल एसपी राजेन्द्र जायसवाल के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाली गई। होली ड्यूटी में 5 उप पुलिस अधीक्षक, 13 निरीक्षक, 42 उप निरीक्षक व सहायक उप निरीक्षक, 44 प्रधान आरक्षक एवं 184 आरक्षक व महिला आरक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। थाना व चौकी क्षेत्र अंतर्गत 56 फिक्स पाइंट बनाए गए है। इसी तरह 23 पेट्रोलिंग पार्टी बनाए गए है, जो लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर शांति व्यवस्था बनाए रखने की कमान संभालेंगे। त्यौहार के दौरान असमाजिक तत्वों पर विशेष निगाह एवं उन पर नियंत्रण रखने चीता पार्टी बनाई गई है। जिसमें जांजगीर में 4, नैला में 1 चांपा में 2, अकलतरा में 2, शिवरीनारायण में 1 सहित कुल 10 चीता पार्टी को तैनात किया गया है। त्यौहार के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार जायसवाल को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## फॉरेस्ट एवं पुलिस विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर 11 लाख रुपए की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

■ शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के लोहर्सी गांव का मामला

तीन अलग-अलग लोगों से फॉरेस्ट एवं पुलिस विभाग में नौकरी लगने के नाम पर 11 लख रुपए की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने पिता, पुत्र एवं पत्नी के खिलाफ अपराध कायम किया है। मामला शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम लोहर्सी का है।

शिवरीनारायण पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम लोहर्सी निवासी भागवत पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि कोरबा निवासी आसिम खान, रेहाना खान एवं मोइन खान द्वारा भागवत पटेल के बेटे मुकेश पटेल को वन विभाग में नौकरी लगने के नाम पर 6 लाख 98 हजार रुपए की धोखाधड़ी की है। प्रार्थी ने बताया कि 26 नवंबर 2020 से 23 जनवरी 2021 के मध्य आसिम खान, रेहाना खान एवं मोइन खान द्वारा वन विभाग में नौकरी लगने के नाम पर धोखाधड़ी की गई है, जिसकी रिपोर्ट शिवरीनारायण थाने में दर्ज कराई गई। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ भादवि की धारा 420 एवं 34 के तहत अपराध कायम कर पुलिस मामले की विवेचना में जुट गई है। इसी प्रकार कोरबा निवासी तीनों आरोपियों के द्वारा लोहर्सी निवासी राम कीर्तन कश्यप के बेटे नरेश कश्यप के पुलिस विभाग में नौकरी लगने के नाम पर 2 लख रुपए की धोखाधड़ी कर ली। प्रार्थी द्वारा जब नौकरी नहीं लगने की स्थिति में पैसे की मांग की गई तो आरोपियों द्वारा पैसा वापस नहीं किया गया। इसी प्रकार गांव के ही दीनदयाल के बेटे कृष्ण कुमार कश्यप को पुलिस विभाग में नौकरी लगने के नाम पर 2 लाख रुपए की धोखाधड़ी की गई। तीनों मामले में आरोपी रेहाना खान, आसिम खान एवं मोइन खान के द्वारा 10 लाख 98 हजार रुपए की धोखाधड़ी वन एवं पुलिस विभाग में नौकरी लगने के नाम पर की गई है। प्रार्थी द्वारा कई बार नौकरी नहीं लगने की स्थिति में पैसा वापस किए जाने की मांग भी की गई, लेकिन आरोपियों को इस पर कोई फर्क नहीं पड़ा। थकहारकर मामले की रिपोर्ट शिवरीनारायण थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस आरोपियों के खिलाफ भादवि की धारा 420 एवं 34 के तहत अपराध कायम कर आरोपियों की पतासाजी में जुट गई है।

### मतदान दलों के गठन के लिए हुआ पहला रेंडमाइजेशन

**जांजगीर-चांपा।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान दलों के गठन हेतु 22 मार्च को पहला रेंडमाइजेशन किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा की मौजूदगी में कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में निर्वाचन विभाग के सॉफ्टवेयर के माध्यम से प्रथम चरण का रेंडमाइजेशन कराया। रेंडमाइजेशन के दौरान अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल अधिकारी गोकुल कुमार रावटे, अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी, उप संचालक पंचायत अभिमन्यु साहू व संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## होटल जयपुरिया और स्पाइस रेस्टोरेंट के किचन में मिला काकरोच, नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

■ 30 नमूना किये गये संग्रहित, तीन नमूना पाया गया अमानक

होली त्योहार को देखते हुए खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम ने होटलों व मिठाई दुकानों की जांच की। टीम ने चांपा के न्यू दिल्ली स्वीट्स, बल्ले- बल्ले रेस्टोरेंट, हाटल जयपुरिया व स्पाइस रेस्टोरेंट, हाटल रीत में निरीक्षण कर चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से जांच की गई। वहीं निरीक्षण के दौरान हाटल जयपुरिया होटल व स्पाइस रेस्टोरेंट के किचन में काकरोच पाये जाने पर नोटिस जारी किया गया। साथ ही सभी संस्थानों में पानी, दूध, कलर, आयोडीन की जांच की गई। चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से कुल 30 नमूना संग्रहित किये गये, जिसमें तीन नमूना अमानक पाया गया।



जांच करती खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम।

होली त्यौहार के दौरान मिठाईयों एवं खाद्य पदार्थोंमें मिलावट को ध्यान में रखते हुये खाद्य सुरक्षा अधिकारी अपर्णा आर्या के द्वारा जिले के विभिन्न खाद्य पदार्थ विक्रय संस्थानों, होटल, रेस्टोरेंट, किराना दुकानों, दूध विक्रेता, मावा विक्रेता, डेयरी, आदि संस्थानों में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गुप्ता स्वीट्स चांपा से बेसन लड्डू अनमोल स्वीट्स, चांपा से पेडा व मगज लड्डू, सुमन स्वीट्स, चांपा से पेडा, सुमित इन चांपा से पनीर, शिव ट्रेडर्स अकलतरा से गुड, ओम शांति स्वदेशी केन्द्र, अकलतरा से बेसन व सूजी, आकाश मार्ट, पामगढ से दलिया व सेवई का नमूना लेकर जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया। इधर सुमन स्वीट्स में गंदगी पाये जाने पर संस्थान के संचालक को साफ - सफाई रखने निर्देशित किया गया और नोटिस दिया गया। इसी तरह अकलतरा क्षेत्र में दूध वेंडरों की जांच करते हुयेदूध के दो नमूने संकलित किये गये एवं सभी दूध वेंडरों को अनुज्ञप्ति पंजीयन लेने निर्देशित किया गया।

# सबरिया डेरा के बच्चों को बांटे रंग-गुलाल

**जांजगीर-चांपा ।** सबरियाडेरा के गरीब बच्चों की होली को रंगीन करने हरीलीला ट्रस्ट ने रंग गुलाल और पिचकारी बांटी। सबरियाडेरा के 100 से अधिक बच्चों को होली की सामग्री का वितरण किया गया। रंग गुलाल पिचकारी और मुखौटे पाकर बच्चों के चेहरे में खुशी देखी गई। होली की पूर्व संध्या पर जनसेवी सुल्तानिया परिवार ने हर साल की तरह इस साल भी रविवार 24 मार्च को बनारी के सबरिया डेरा के बच्चों के साथ होली की खुशियां साझा की। इस दौरान जिला भाजपा उपाध्यक्ष व जनसेवक अमर सुल्तानिया सपरिवार सबरिया डेरा के बच्चों के बीच पहुंचे इस अवसर पर 100 से ज्यादा बच्चे मौजूद रहे जिन्हें रंग, गुलाल, पिचकारी, टोपी, बाजा, चॉकलेट, गुब्बारे और मुखौटे का वितरण कर होली की शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष व जनसेवक अमर सुल्तानिया ने कहा कि रंगो का यह महापर्व हम सबको एकता, भाईचारे और अपनत्व की प्रेरणा देता है। सभी रंगों का अपना अलग अलग महत्व है उसी तरह से हम सबका का भी समाज और देश के लिए महत्व है। हम सबकी एकता और सामंजस्य के रंग से देश हमेशा रंगा रहे। बनारी के सबरिया डेरा के बच्चे सुल्तानिया परिवार से होली का तोहफा पाकर चहक उठे। इस दौरान श्रीमती सुनीता सुल्तानिया, श्रीमती पायल सुल्तानिया, अन्विता, आदित्य, हर्ष, अवनी, यशराज, कियारा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



बच्चों को रंग-गुलाल देते हरिलीला ट्रस्ट के सचिव अमर सुल्तानियां।

हसौद में एक दीप शहीदों के नाम कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# तीन हजार दीपक जलाकर शहीदों को दी शहादत



दीप जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित करते क्षेत्रवासी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हसौद

शहीद दिवस पर हसौद के बाजार प्रांगण में एक दीप शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान तीन हजार दीपक जलाकर शहीदों को शहादत दी गई।

बाजार प्रांगण में एक दीप शहीदों के नाम का आयोजन सौहार्द्रह पूर्ण वातावरण में हसौद में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में समिति के सदस्यों के द्वारा शहीद परिवारों के परिजनों को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम 23 मार्च को शहीद दिवस के अवसर पर गांव के उत्साही युवकों के द्वारा किया गया। शहीद दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत समिति के सदस्य, अतिथि एवं दर्शकों के द्वारा एक दीप शहीदों के नाम सभी ने एक-एक दीप जलाए, जिसमे 3000 दीप जले एवं वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर शहीद परिवारों को इस कार्यक्रम मेसमिति के सदस्यों द्वारा बड़े ही सम्मान के साथ बुलाया गया एवं कार्यक्रम में शहीदों के परिजन जिनमे शहीद विवेक शुक्ला एसआई सरसीवा, शहीद प्रतिक आदित्य केरा, शहीद अजय यादव बुडेना एवं अभी हाल ही में शहीद हुए हसौद के शहीद कमलेश साहू के परिजन एवं सभी के माता-पिता उपस्थित थे सभी को सम्मान के साथ समिति के सदस्यों एवं अतिथियों के द्वारा मोमेंटो, शाल, गुलदस्ता एवं तिरंगा झंडा देकर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत छोटी बच्चियों द्वारा ए गुजरने वाली हवाएं बता का मंचन किया गया, जिसमें कुमारी तान्या एवं उनके ग्रुप द्वारा किया गया। इसके उपरांत 1957 के विद्रोह के रूप में महारानी लक्ष्मीबाई पर उनके जीवनी एवं आजादी की लड़ाई में उनके योगदान पर जीवंत नाटक का मंचन किया गया। इस मंचन में कु. ओमती (लक्ष्मीबाई ) एवं साथियों जिनमें अंकिता, पूजा साहू ,जय श्री साहू ,तनुश्री, कु. हिमानी साहू एवं साथियों द्वारा किया गया। इसके पश्चात मुख्य कार्यक्रम जिसमे भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु के फांसी का जीवंत नाटक मंचन किया गया। इस नाटक में चूड़ामणि साहू ने भगत सिंह, सरोज साहू ने सुखदेव एवं गितेश राज चौहान ने राजगुरु का किरदार निभाया। शेष कलाकारों में बल्लू जायसवाल, मुकेश शर्मा, बालेश्वर साहू, विनोद निराला, फिरत रात्रि, कामता साहू, बसंत साहू, राजकुमार साहू, पितांबर साहू, ओमती साहू एवं साथियों द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में एंकर गौरी शंकर साहू, बालक राम साहू, एवं भारती जायसवाल द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम को हसौद के ग्रामवासी के सहयोग से विगत 5 वर्षों से शहीदों को श्रद्धांजलि के रूप में आयोजित करते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने समिति के सदस्य एक माह से तैयारी में लगे थे।

जाँजगीर मार्केट

आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
प्रो. आदित्य सिंघानिया मो.6260115021
छड़, सीमेंट, टीन, लोहा पाईप एवं बिल्डिंग मटेरियल
विशेष-इंटीरियर एवं डेकोरेड
डीलर-अग्नि शमन यंत्र (फायर सेफ्टी)
प्लाई, सनमाईका, सेन्टिग प्लाई
विशेष-घर बनाना हुआ आसान,
रिंग सरिया छड़ द्वारा निर्मित जाली कालम बीम आर्डर पर सभी साईज में बनाया जाता है।
संबंधित प्रतिष्ठान
सिंघानिया लकड़ी लघु उद्योग
सभी प्रकार की लकड़ियां कम दर में प्राप्त करें
प्रो. शंकर सिंघानिया मो. 9302362173

गुप्त रोग
नामर्दी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ धातु का गिरना,जलन छोटापन,टेढ़ापन, सिपलिस, गनौरिया,चर्मरोग, इत्यादि सभी प्रकार के गुप्त रोग का इलाज किया जाता है। बिना आपरेशन अण्डकोष, बवासीर एवं भगंदर का गारंटी इलाज।
निःसंतान दंपति अवश्य मिले
मां दुर्गा क्लीनिक
डॉ. ए.के. विश्वास
स्टेशन रोड पी.डब्ल्यू.डी. ऑफिस के सामने गट्टानी लोहा बाड़ा के बगल, चाम्पा
मो.- 8269419396, 8670074465

TOP IN JANJGIR

कोसा साड़ी शो-रूम
महेशराम देवांगन एंड ब्रदर्स
• हैण्डलूम कोसा (टसर) सिल्क साड़ी (हैण्डवोभन, हैण्डब्लॉक प्रिंट्स, एम्ब्रायडरी)
• मलवरी सिल्क साड़ी • फैंसी सिल्क साड़ियाँ • सलवार सुट
• दुपट्टा • शॉल • ड्रेस मटेरियल • फर्निशिंग कपड़े इत्यादि
पोस्ट ऑफिस के सामने, गौशाला रोड, चाम्पा 495 671 (छ.ग.)
Ph. : 07819-245152, 245661, Mob. : 9425505875, E-mail : maheshramdewangan1@gmail.com

## खबर संक्षेप

### बेगलेस डे पर मेहंदी लगाओ व आगजनी से बचाव पर भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**बलौदा।** सुरक्षित शनिवार बेगलेस डे पर आज जनपद प्राथमिक शाला चारपारा मे मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता व आग से बचाव पर भाषण का आयोजन किया गया. सर्वप्रथम माँ सरस्वती की पूजा अर्चना छात्रों द्वारा किया गया। तत्पश्चात उन्नीस छात्राओं के मध्य मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे नम्रता पटेल प्रथम, अराधना पटेल दूसरा व सोनिया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया. तीनों छात्राओं को प्रधान पाठक नरेश गुरूद्वान, राजेंद्र थवाईत, व पुरुषोत्तम कश्यप द्वारा कॉपी पेन देकर पुरुस्कृत किया गया.निर्णायक नरेश गुरूद्वान, मनोज घृतलहरे, पुरुषोत्तम कश्यप रहे। आग से बचाव पर भाषण में संदीप, रुचि, ने ज्ञान वर्धक जानकारी अपने भाषण में प्रदान किया। प्रधान पाठक नरेश गुरूद्वान ने आग लगने के कारणों व उससे बचने के उपाय व सावधानी के बारे में बताया। आयोजन मे सुरेश महंत पुरुषोत्तम कश्यप, मनोज घृतलहरे, सुप्रिया, राजेंद्र थवाईत, विशेष योगदान रहा। संचालन प्रधान पाठक नरेश गुरूद्वान ने किया।

### गौरव ग्राम मल्दा में अखण्ड नवधा रामायण 27 से

**बिर्रा।** गौरव ग्राम मल्दा हटवारा पारा में 27 मार्च से 5 अप्रैल तक अखण्ड नवधा रामायण का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अतिथि के रूप में बालेश्वर साहू विधायक जैजैपुर, रामकुमार यादव विधायक चंद्रपुर, निर्मल सिन्हा प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा, श्रीमती कमलेश जांगड़े प्रत्याशी लोकसभा जांजगीर, चैनसिंह सामले पूर्व विधायक मालखरौदा, गोपीसिंह ठाकुर जिला उपाध्यक्ष भाजपा सक्ती, श्रीमती मोहनकुमारी साहू जनपद सदस्य बम्हनीडीह, श्रीमती ज्योति किशन कश्यप पूर्व जिला पंचायत सदस्य, श्रीमती जानकी सत्यनारायण चंनद्रा जनपद सदस्य, कुशल चन्द्रा प्रबंधक सहसमिति किकिरदा, अभिषेक सोनी युवा नेता जैजैपुर उपस्थित रहेंगे। अखण्ड नवधा समिति के संरक्षक मनोज गौटिया, अध्यक्ष जेतूराम केंवट, उपाध्यक्ष मोहनलाल कश्यप, कोषाध्यक्ष रामगुलाम कश्यप, सचिव तुलेश्वर कश्यप है। कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार 10001 रुपए, द्वितीय 8001 रुपए, तृतीय 6001 रुपए, चतुर्थ 5501 रुपए, पंचम 5001 रुपए, षष्ठम 4001 रुपए, सप्तम 3201 अष्टम 3101 रुपए, नवम 3001 रुपए, दसम 2001 रुपए,, ग्यारहवां 2801 रुपए, बारहवां 2701 रुपए, तेरहवां 2601 रुपए, चौदहवां 2501 रुपए, पंद्रहवां 2401 रुपए, सोलहवां 2301 रुपए, सतरहवां 2201 रुपए, अठारहवां 2101 रुपए दिया जाएगा। फाइनल प्रतियोगिता गुरुवार 4 अप्रैल की रात्रि 8 बजे से होगा।



### संभागीय धीवर समाज के घसियाराम अध्यक्ष व प्रहलाद बने सचिव

**नवागढ़।** संभागीय धीवर समाज महासभा बिलासपुर के नवागढ़ केंद्र का कार्यकाल 5 वर्ष पूरा होने के उपरांत चुनाव नहीं करवाने पर धीवर समाज द्वारा संज्ञान लेकर 23 मार्च को नवागढ़ में नवागढ़ केंद्र का चुनाव हुआ। कार्यक्रम में भरत लाल धीवर पूर्व महासभा अध्यक्ष एवं भागीरथी धीवर नवागढ़ रेंज अध्यक्ष की अध्यक्षता में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान सर्वसम्मति से अध्यक्ष घसिया राम धीवर नवागढ़, उपाध्यक्ष जवाहर धीवर कर्रा, सचिव प्रहलाद धीवर सिउड़, कोषाध्यक्ष खोलबहरा धीवर किरीत, सदस्यगण दऊआ धीवर अमोदा, धनाऊ धीवर भैंसमुडी, मुन्ना धीवर सिउड़, जीतराम धीवर नवागढ़, गंगाराम धीवर किरीत को सदस्य मनोनीत किया गया। इस अवसर पर नवागढ़ रेंज के भागीरथी धीवर अध्यक्ष, ताराचंद ढीमर उपाध्यक्ष, रामेश्वर धीवर कोषाध्यक्ष, प्रभात धीवर सचिव , नंदलाल धीवर , पुरुषोत्तम धीवर केंद्राध्यक्ष खोखरा, भरत धीवर, शत्रुघ्न धीवर, रंजित धीवर समेत सैकड़ों सम्मानीय स्वजातीय बंधु शामिल होकर समाज को आगे बढ़ाने संकल्प लिया। इस अवसर पर समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## टीबी मुक्त करने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को दिलाई गई शपथ

# संक्रमित व्यक्ति के खांसने, छीकने एवं थूकने से फैलती है टीबी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

भारत वर्ष में 24 मार्च को विश्व क्षय दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी तारतम्य में सीएमएचओ कार्यालय में सीएमएचओ डॉ सूरज सिंह राठौर, डीपीएम अर्चना तिवारी, ब्लॉक टीबी सुपरवाइजर विनोद राठौर और संजय बंजारे की उपस्थिति में टीबी दिवस मनाया गया।

सीएमएचओ डॉ सूरज सिंह राठौर एवं सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर राठौर द्वारा टीबी बीमारी के बारे विस्तृत जानकारी दी गई। टीबी एक संक्रामक बीमारी हैं, जो कि मा इ को बै क टी रि य म ट्यूबरक्लोसिस नामक बैक्टीरिया के कारण होता है। संक्रमित व्यक्ति के खांसने या छीकने से टीबी की बैक्टीरिया हवा के माध्यम से एक से दूसरे ब्यक्ति में फैलती है। इसलिये सभी को टीबी के लक्षण न होने पर भी समय समय पर टीबी की जांच कराते रहना चाहिए। जिससे आवश्यक दवा लेकर इस बीमारी से बचा जा सके। जबकि भारत वर्ष के सभी अस्पतालो में जांच और दवा पूरी तरह से निःशुल्क हैं। चिंताजनक स्थिति यह है कि दुनिया भर में इस बीमारी से वर्ष में 14 से 15 लाख लोगों की मृत्यु टीबी से होती हैं, जबकि 1करोड़ लोग इस बीमारी की चपेट में आते है। जिला सक्ती की बात करे तो 2023 में 589 टीबी मरीज मिले जिसमें सक्ती 188, डभरा 137, मालखरौदा 124, जैजैपुर 140 था। वर्तमान में इस बीमारी का इलाज संभव है, परन्तु मरीज दवाओं का पूरा कोर्स न करने या मरीज ठीक हो गया हूँ यह मानकर दवा खाना छोड़ देता हैं, जिसके कारण मरीज गम्भीर स्थिति में फस जाता है और कोई भी एन्टीबायोटिक उसको असर नहीं करती है जिससे मरीज को बचा पाना काफी मुश्किल हो जाता हैं। टीबी से प्रभावित करने वाली अंगों की बात की जाए तो यह फेफड़ो को ज्यादा तर प्रभावित करती हैं साथ ही अन्य अंगों जैसे हृदय, हड्डी, गुर्दे, आत, आदि को भी प्रभावित करती हैं, इस बीमारी के प्रमुख लक्षण हैं दो सप्ताह से अधिक की खाँसी, लगातार रात के समय बुखार आना, रात में पसीना आना, बलगम में खून, वजन घटना, भूख न लगना। इस तरह के लक्षण मिलने पर नजदीकी अस्पताल में जाकर डॉक्टर से परामर्श और जांच जरूर कराए। टीबी की जांच के लिये उच्च गुणवत्ता की मशीन भी जिला सक्ती के चारो ब्लॉक में लगाई गई हैं जिसमे कम समय मे टीबी की पहचान की जा सकती हैं। टीबी होने पर 6 माह का दवा का पूरा कोर्स कर अपनी जान बचा सकते है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सूरज सिंह राठौर के मार्गदर्शन में टीबी कार्यक्रम नित नए आयाम को छूते हुए राज्य द्वारा 2023 में पुरस्कृत भी किये गए है एवं स्वयं 2025 तक टीबी मुक्त करने की शपथ ली एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को भी शपथ दिलाई गई।



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण।

# अधिकारी-कर्मचारियों ने रंग-गुलाल लगाकर किया मतदान करने प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

■ स्वीप कार्यक्रम के तहत मनाया गया होली मिलन उत्सव

भारत निर्वाचन आयोग समस्त निर्वाचनों में समाज के प्रत्येक वर्गो के मतदाताओं की भागीदारी के सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देशन में ''कोसा-कांसा-कंचन, वोट करेगा जन-जन'' की थीम के साथ बीडीएम उद्यान में होली मिलन उत्सव एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ गोकुल कुमार रावटे, अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय, समाज कल्याण विभाग के सहायक संचालक टीपी भावे, जिला खेल अधिकारी प्रमोद बैस, मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रहलाद पांडे, डॉ ईश्वरी सूर्यवंशी सहित अधिकारी कर्मचारी गणमान्य नागरिक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। स्वीप कार्यक्रम के तहत बीडीएम उद्यान के आसपास स्वीप के तहत स्वछता अभियान का आयोजन कर सभी अधिकारियों द्वारा मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। स्वच्छता अभियान के पश्चात होली मिलन उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें सभी अधिकारी-कर्मचारी, गणमान्य नागरिक एवं विद्यार्थियों द्वारा एक दूसरे को रंग गुलाल लगाते हुए होली की शुभकामनाएं दी और ''कोसा-कांसा-कंचन, वोट करेगा जन-जन'' के नारे लगाए गए। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल अधिकारी गोकुल कुमार रावटे ने वोट के महत्व को बताते हुए निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी प्रकार के निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई और मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में स्वीप के तहत होली मिलन उत्सव एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया है।




मताधिकार का प्रयोग करने शपथ दिलाते जिला पंचायत सीईओ एवं अन्य।



एक-दूसरे को रंग लगाती छात्राएं।

# ज्ञान भारती स्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ज्ञान भारती विद्यालय जांजगीर में शनिवार 23 मार्च को पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम विद्यालय के संचालकआर.सी. पाण्डेय, जैन सर, जी.आर. जांगड़े प्राचार्य (अंग्रेजी माध्यम एवं श्रीमती सीमा कश्यप प्राचार्य (हिन्दी माध्यम के द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान माता सरस्वती की वंदना और श्री राम जी की स्तुति किया गया। बच्चों के साथ अभिभावक गण भी उपस्थित हुए। वर्ष 2022-23 की परीक्षा में उत्कृष्ट अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं एवं 2023-24 में विद्यालयीन खेलकूद, फैंसी ड्रेस, जलेबी दौड़, चम्मच दौड़, मिट्टी के खिलौने, खो-खो , कब्बडी, क्रिकेट, कुर्सी दौड़, रंगोली प्रतियोगिता, थाल सज्जा, स्लोगन तथा 26 जनवरी को सांस्कृतिक कार्यक्रम व पी. टी. में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल/प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया गया । उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्यालय के शिक्षक/शिक्षकों का बड़ा योगदान रहा ।



पूजा अर्चन कर शुभारंभ करते संचालक एवं उपस्थित छात्र-छात्राएं।

# कन्या पूर्व एवं प्राथमिक शाला में न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

चांपा शासकीय कन्या पूर्व एवं प्राथमिक शाला टाउन चांपा में न्योता भोज का आयोजन किया गया। न्योता भोज में बम्हनीडीह बीईओ एम डी दीवान शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि न्योता भोज में कोई नही अपने व परिजनों के जन्मदिन ,पुण्यतिथि , सालगिरह जैसे अवसरों पर विद्यालय में बच्चों को न्योता भोज करा सकता है । इसका उद्देश्य भी जन समुदाय को जोड़कर उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है। प्रधान पाठक अपरा दीवान ने शुक्ला परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि न्योता भोज के लिए विद्यालय परिवार उनका आभारी है। इस अवसर पर नंदकुमार देवांगन ,धन्यकुमार पांडेय , राजेन्द्र जायसवाल ,रविन्द्र द्विवेदी , रविन्द्र राठौर , धीरज तम्बोली , प्रितेश फ्रेंकलिन , ऋचा दीवान , रागिनी चतुर्वेदी सहित विद्यालय के स्टाफ उपस्थित थे ।

### झरना में बच्चों को खिलाया गया पुड़ी-सब्जी व फल

**झरना।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला झरना में 22 मार्च को नवाचारी गतिविधि समाज एवं पालकों का विद्यालय से लगाव हेतू न्यौता भोज का आयोजन बेदराम सूर्यवंशी प्र. प्रधान पाठक झरना, गिरजा शंकर धीवर (खेल शिक्षक झरना) एवं अखंड ज्योति महिला स्व सहायता समूह झरना के सहयोग से किया गया। इस न्योता भोज में उपस्थित छात्र/ छात्राओं और आमंत्रित शिक्षक/ शिक्षिकाओं को सुरुचि भोज अनुसार दाल, चांवल, सब्जी, आचार, पापड़, सलाद, भजिया, पूड़ी खिलाया गया। इस आयोजन में भरत लाल कर्ष प्राचार्य झरना, माखन लाल राठौर संकुल समन्वयक, मनोज कुमार नायक, श्रीमती उमिता कंवर, उदयकांत राठौर प्राथमिक शाला प्रधान पाठक झरना, देवकुमार चंद्रा, झरना हाई स्कूल से आर. के. तिवारी, आर. के. मधुकर, हिरन सिंह कंवर, हरिश्चंद्र सुमन, पुष्कर लाल साहू, राजीव राठौर, गोविंद राठौर, विनोद कुमार शर्मा, दीपक लदेर उपस्थित थे।





### शासकीय प्राथमिक शाला में नेवता भोज

**पामगढ़।** शासकीय प्राथमिक शाला नालापारा चूरतेला में 22 मार्च को नेवता भोजन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह नेवता प्रधान पाठक चंदन सिंह , शिक्षक शिव प्रसाद साहू व महेश राम केवट के द्वारा किया गया है, जिसमें संकुल केंद्र खरखोद के संकुल प्राचार्य रणजीत सिंह पैकरा, संकुल समन्वयक श्रीशिव प्रसाद साहू उपस्थित हुए।

# बिना लड़ाई-झगड़ा शांति पूर्वक मनाएं त्योहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फगुरम

■ त्यौहारों के मद्देनजर चौकी फ़गुरम में हुई शांति समिति का बैठक

फगुरम चौकी में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में चौकी प्रभारी ने सभी से रंगों का पर्व होली लोकसभा चुनाव को लेकर लगे आचार संहिता को देखते हुए शांति पूर्वक बिना लड़ाई झगड़े के शांति पूर्वक त्योहार मनाने अपील की।

रंगों का पर्व होली को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री रमा पटेल के निर्देशानुसार आगामी त्यौहारों को आपसी भाईचारा, प्रेम, सद्भावना एवं शांति पूर्वक मानने हेतु चौकी फ़गुरम में शांति समिति का बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधी गण, मीडिया के प्रतिनिधिगण, क्षेत्र के गणमान्य नागरिक गण को फ़गुरम पुलिस द्वारा शांतिपूर्वक त्यौहार मनाने के लिए समझाइस दिया गया। साथ ही लोक सभा चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता के पालन सुनिश्चित करने कहा। चौकी प्रभारी भूपेंद्र चंद्रा ने लोगो से अपील किया गया कि होली का त्यौहार शांति पूर्वक बिना लड़ाई - झगड़ा के मानने, अन्य समुदाय के लोगो के भावनाओं का सम्मान करते हुए किसी पर जबरदस्ती रंग, गुलाल, नही लगाने, मुखौटा का उपयोग नहीं करने हिदायत दिया। साथ ही किसी प्रकार की रकम उगाही गांव में न हो यह सुनिश्चित करने लोगों से अपील किया तथा डीजे बजाने के दौरान विधिवत अनुमति प्राप्त कर कोलाहल अधिनियम के नियमो का पालन करने की समझाइश देते हुए नियम का उलंघन करने पर डीजे जब्ती तथा राजसात होने के संबंध में जानकारी दिए। उपस्थित कोटवारों को गांव में मुनादी कराने कहा गया। इस दौरान उपस्थित लोगो के द्वारा भी अपनी अपनी बाते रखे और सुझाव दिए, तथा सबने शांतिपूर्वक त्यौहार मनाने की विश्वास शासन प्रशासन को दिलाए ।



बैठक में चर्चा करते चौकी प्रभारी।

### प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को खिलाया गया पौष्टिक आहार व फल

**बिर्रा-सिलादेही।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय सिलादेही में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति कार्यक्रम के तहत न्यौता भोजन कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी बालक बालिकाओं को दाल भात सब्जी चिप्स केला जलेबी परोसा गया। कार्यक्रम में पूर्व प्राचार्या श्रीमती अनिता राज, व्याख्याता श्रीमती गीता जायसवाल, अन्नपूर्णा बड़ा, जगदीश दुबे, युवा नेता रामेश्वर साहू, श्रीमती लक्ष्मीनबाई पटेल, श्रीमती गैसबाई सहोद्रासाहू, प्रधान पाठक प्रीतम प्रसाद खुंटे, गोपी तिवारी सम्मेलाल, सुरेश चंद, सफाई कर्मचारी राजनकुमार,के अलावा ग्रामीण जन महिला भारी संख्या में उपस्थित थे।



### मोहतरा में बच्चों को परोसा गया चावल दाल, सब्जी व पापड़



**केरा।** शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला मोहतरा में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति कार्यक्रम के तहत शांतिलाल पटेल पूर्व सरपंच एवं भागीरथी पटेल वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता श्रीमती कौशिल्या पटेल द्वारा न्योता भोजन का आयोजन किया गया। इस दौरान शांतिलाल पटेल द्वारा खीर पुड़ी व भागीरथी पटेल द्वारा केला का वितरण कराया गया न्योता भोज में बच्चों को खीर पुड़ी केला चावल दाल सब्जी पापड़ परोसा गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक रामशरण कुंभकार, अमित शुक्ला, श्री जाटवर, पुष्पेंद्र देवांगन, चंद्रशेखर देवांगन, रामकृष्ण देवांगन, उमाशंकर देवांगन, सत्यवती बंजारे, श्रीमती रमाबाई, गोमती पटेल, भगवती पटेल, जगबाई पटेल, सुखमति पटेल, नवधा बाई, इंदिरा बाई व गांव के गणमान्य नागरिक एवं छात्र-छात्राए उपस्थित थे

# 300 घंटे का प्रशिक्षण देकर युवाओं को दिया गया रोजगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलमुला

■ कौशल विकास कार्यक्रम का हुआ समापन

न्यूवोको विस्टास कार्पोरेशन लिमिटेड की कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व ( सी.एस.आर ) की पहल के अंतर्गत आरसमेटा सीमेंट प्लांट द्वारा न्यूवो मेसन ट्रेड ( सहायक मेसन ) में 23 मार्च को कौशल विकास कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया।

इस कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत 60 युवक-युवतियो ने 300 घण्टे का मेसन कौशल प्रशिक्षण सफलतापूर्वक प्राप्त किया। कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथि जी.हरी किशोर प्लांट हेड एवं हरिश दरी सीएसआर हेड आरसमेटा सीमेंट प्लांट की उपस्थिति में हुआ। इस कार्यक्रम में 60 युवाओं को सहायक मेसन प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार हेतु ऑफर लेटर प्रदान किए गए एवं मेसन टूल किट प्रदान कर बेहतर भविष्य निर्माण हेतु शुभकामनाए प्रेषित की गई। मुख्य अतिथिजी. हरी किशोर ने हौसला अफजाई करते हुए यह सीख दी की अपने आप को इतना काबिल बनाओ के कंपनी आपको जॉब देने के लिय उत्सुक हो जिसमें यह कौशल विकास कार्यक्रम आपकी मदद करेगा। उन्होंने कार्यक्रम बारे में बच्चो की प्रतिक्रिया भी जानी। ओरियन एजुकेशनल सोसायटी से श्री पार्था ने कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। आरसमेटा सीमेंट प्लांट सीएसआर प्रमुख श्री हरीश दरी ने बताया कि न्यूवोको के सामाजिक उत्तरदायित्व के अन्तर्गत सक्षम भारत कार्यक्रम के तहत कौशल विकास केंद्र बिलासपुर में शुरू किया गया है। प्रशिक्षण देकर युवाओं में रोजगार क्षमता को बढ़ाने में मदद किया जा रहा है। यह कार्यक्रम युवाओं और महिलाओं को कौशल प्रदान कर उनको आत्मनिर्भर बनाने के लिय प्रेरित कर जीवन की गुणवत्ता को सुधार करने में सक्षम बनाकर लोगो को अवसर देने के उद्देश्य से शुरू किया गया है ।



कार्यक्रम में युवाओं को ऑफर लेटर एवं टूल कीट प्रदान करते अतिथि।




